# झारखण्ड सरकार
## जल संसाधन विभाग

पत्र सं०–08 / ज०सं०(नि०)बाह्य(चि०शि०एवं प०क०वि०) –09–05 / 2018...... / राँची, दिनांक .........

## आदेश

सिमडेगा जिला सदर अस्पताल परिसर में वेयर हाऊस भवन के निर्माण कार्य से संबंधित निविदा के निष्पादन में बरती गई अनियमितता के आरोप के लिए श्री अमरेन्द्र कुमार सिंह तत्कालीन मुख्य अभियंता, अभियंत्रण कोषांग, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड के विरूद्ध विभागीय संकल्प ज्ञापांक– 80 दिनांक– 05.01.2019 द्वारा झारखण्ड पेंशन नियमावली के नियम– 43(बी०) के तहत् विभागीय कार्यवाही संचालित की गई है।

2. उक्त विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी का सहयोग प्रदान करने एवं विभागीय मंतव्य प्रस्तुत करने हेतु प्रबंधक–सह–कार्यपालक अभियंता, झारखण्ड, राज्य, भवन निर्माण निगम लिमिटेड, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

3. इसी क्रम में प्रबंधक–सह–कार्यपालक अभियंता, झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पी०आई०यू०, राँची के पत्रांक– 111 दिनांक– 30.01.2019 द्वारा सूचित किया गया है कि दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची का विभाजन पाँच अलग–अलग पी०आई०यू० में हो गया है। विभाजन के उपरान्त उक्त कार्य से संबंधित संचिका / अभिलेख पी०आई०यू०, खूँटी को हस्तगत् करा दिया गया है। अतएव अनुरोध किया गया है कि प्रबंधक–सह–कार्यपालक अभियंता, पी०आई०यू०, खूँटी को उक्त विभागीय कार्यवाही में प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया जाय।

4. उपर्युक्त वर्णित परिस्थिति में श्री अमरेन्द्र कुमार सिंह के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी को सहयोग प्रदान करने हेतु प्रबंधक–सह–कार्यपालक अभियंता, झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड पी०आई०यू०, खूँटी को एतद् द्वारा प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

ह० / –
( रमेश कुमार दूबे )
सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांक : ..................................................राँची / दिनांक ..........................

प्रतिलिपि :– श्री ददन चौबे, विभागीय जाँच पदाधिकारी, नगर प्रशासन भवन (एचईसी) गोलचक्कर, धुर्वा, राँची / प्रबंधक–सह–कार्यपालक अभियंता, झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पी०आई०यू०, राँची / प्रबंधक–सह–कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण निगम लिमिटेड पी०आई०यू०, खूँटी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

श्री अमरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा समर्पित बचाव–बयान की प्रति को एतद द्वारा प्रेषित करते हुए प्रबंधक–सह–कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पी०आई०यू०, खूँटी से अनुरोध है कि विभागीय जाँच पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर मामला में शीघ्र विभागीय मंतव्य प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

ह० / –

(रमेश कुमार दूबे)

ज्ञापांक : 1379 राँची/दिनांक 06/3/19

प्रतिलिपि : सचिव, स्वा०चि०शि० एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची/वेब मैनेजर, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

( रमेश कुमार दूबे )
सरकार के विशेष सचिव